# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

*(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)*

शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ

**CIN: U32201UP1999SGC024928**

संख्याः 447–स0प्र0(लेखा)/पाकालि/2023 दिनांक 31 मार्च, 2023

सचिव (अवैतनिक),
उ0प्र0रा0वि0 कर्मचारी सहकारी समिति लि0,
राज चैम्बर्स, 29/9 राणा प्रताप मार्गए
लखनऊ।

**विषय :–**कारपोरेशन पत्र सं0–750–स0प्र0–11/पाकालि/2023/02/स0प्र0/2023 दि0 24.03.23 के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक पत्र के माध्यम् से निर्गत कार्यवाही के दृष्टिगत निम्नवत् बिन्दुवार सूचनायें समिति से अपेक्षित हैः–

1. कारपोरेशन पत्र संख्या–750–स0प्र0–11/पाकालि/2023–02–स0प्र0/2023 दिनांक 24.03.2023 के बिन्दु संख्या–11 की अनुपालन आख्या।
2. कारपोरेशन पत्र संख्या–750–स0प्र0–11/पाकालि/2023–02–स0प्र0/2023 दिनांक 24.03.2023 के बिन्दु संख्या–11 का अनुपालन यदि किया जा चुका है तो समिति के लेटर–हेड पर समिति के अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता/पदाधिकारी एवं निर्वाचित/मनोनीत कियाशील पदाधिकारियों नाम, पदनाम, सम्पर्क सूत्र का विवरण, जिससे उपलब्ध कराये गये अभिलेखों/अवशेष ऋण सूची की प्रमाणिकता की पुष्टि हो सके।
3. कार्यालय ज्ञाप संख्या–395–काविनी एवं वे0प्र0–29/पाकालि/2021–02–काविनी/21 दिनांक 30.04.2021 के प्रस्तर (ब) में उल्लिखित प्राविधानानुसार उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद द्वारा समिति से कय किये गये रू० 02.00 लाख (रूपये 02.00 लाख ) मात्र के शेयर की धनराशि एवं उस पर अब तक देय लाभांश (Dividend) का आगणन एवं कारपोरेशन के बैंक खाते में जमा किये जाने की कार्यवाही की अनुपालन आख्या पूर्ण विवरण सहित।
4. कार्मिकों द्वारा दिनांक 30.04.2021 से पूर्व लिये गये ऋण की वसूली हेतु उन कार्मिकों की सूची जिनको आवंटित ऋण के सम्बन्ध में कारपोरेशन मुख्यालय के आहरण वितरण अधिकारी (अद्योहस्ताक्षरी) से सहमति (Undertaking) प्राप्त की गयी है। कार्मिकों की सूची के साथ ऋण प्रपत्र पत्र में सहमति (Undertaking) पत्र की अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता/पदाधिकारी के हस्ताक्षर व मोहर से प्रमाणित प्रति संलग्न की जाये।
5. उक्त बिन्दु–04 के अधीन कार्मिकों द्वारा लिये गये ऋण की वसूली हेतु दिनांक 30.04.2021 को ऋण की बकाया धनराशि (मूलधन एवं ब्याज सहित) इंगित करते हुये कार्मिकों के नाम, उनके वर्तमान तैनाती स्थल, SAP ID, विगत माह का सकल वेतन एवं दिनांक 30.04.2021 से पूर्व अन्तिम स्वीकृत ऋण की कार्मिकों के वेतन से औचित्यपूर्ण मासिक कटौती की दर अंकित करते हुये सूची उपलब्ध करायी जाये, जिनकी संशोधित किस्तों का आगणन कर पूर्व से की जा रही कटौती को यथावत् रखा जाना है।
6. दिनांक 30.04.2021 से अद्यतन कार्मिकों द्वारा समिति को जमा की गयी माहवार धनराशि अंकित करते हुये कार्मिकों की सूची एवं इस दौरान जिन कार्मिकों द्वारा ऋण का अन्तिम समायोजन किया जा चुका है की सूची उपलब्ध करायी जाये।

7. दिनांक 30.04.2021 से पूर्व कार्मिकों द्वारा लिये गये ऋण के सापेक्ष समिति को जमा किये गये अंशदान की धनराशि एवं उस पर अब तक देय लाभांश (Dividend) का आगणन करते हुये विवरण सहित सूची उपलब्ध कराये।

अतः आपसे अनुरोध है कि समिति की उक्त अप्राप्त सूचनओं को अतिशीघ्र उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें ताकि सम्बन्धित कार्मिकों के वेतन से शेष ऋण की वसूली की जा सके।

भवदीय,

**(राकेश भट्ट)**
उपसचिव (लेखा)

संख्याः (01)–स0प्र0(लेखा) / पाकालि / 2023 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नवत् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषित :–

1. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. अपर सचिव–प्रथम, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. संयुक्त सचिव (मु0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. अधिशासी अभियन्ता (वेब), को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।
6. सूचना पट्ट, शक्तिभवन (मु0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।

**(राकेश भट्ट)**
उपसचिव (लेखा)